# आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला करियर काउंसलिंग पर वेबीनार

कानपुर। आज आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय एवं एंप्लॉयमेंट ब्यूरो छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में करियर काउंसलिंग पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया सेमिनार का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रितंभरा स्वरूप एवं चीफ एंप्लॉयमेंट ब्यूरो डॉ सुधांशु राय के द्वारा किया गया वेबीनार संयोजिका डॉक्टर लेफ्टिनेंट अंजिता सिंह ने सभी वक्ताओं का स्वागत किया और कहा की करियर काउंसलिंग के साथ पर्सनल काउंसलिंग भी आज समय की जरूरत है द्य

प्राचार्य डॉक्टर रितंभरा स्वरूप ने कहां कि छात्रों के विकास में काउंसलिंग की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो छात्राओं को सही मार्गदर्शन देने में सहायक होती हैद्य

मुख्य वक्ता एवं विश्वविद्यालय चीफ काउंसलर डॉ सुधांशु राय ने कहा की छात्रों की सफलता में उनका व्यक्तित्व सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है इंटरव्यू के समय आपके ज्ञान से ज्यादा महत्वपूर्ण आपके ज्ञान का प्रेजेंटेशन हैद्य विशिष्ट वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर मोहिता आर्य ने कैरियर के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा आज करियर बनाने के अनेकानेक रास्ते हैं आपको अपनी क्षमता और इच्छा के अनुसार करियर निर्धारित करना चाहिएद्य ए एनडी कॉलेज की डॉक्टर अर्चना त्रिपाठी ने कहां की नई शिक्षा नीति के अनुसार छात्राओं को अपनी पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक सेवा में भी योगदान देना चाहिए इस अवसर पर डॉक्टर ममता गंगवार डॉक्टर मालती वर्मा अजय जैन मृदुल तिवारी सहित महाविद्यालय की शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

